

पेनल्टी शूटआउट में हारा इंग्लैंड

इंग्लैंड 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा टूर्नामेंट जीतने में नाकाम रहा। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि इंग्लैंड को पेनल्टी शूटआउट में असफलता हाथ लगी। मार्कस रशफोर्ड और जादोन सांचो भी पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए थे। इंग्लैंड अपने अंतिम तीनों प्रयास में फेल रहा। हार के बाद स्टेडियम के बाहर इंग्लिश फैंस अपना आपा खो बैठे। इटली के सपोर्ट्स के साथ मारपीट भी की गई।

## यूरो कप में हार के बाद फूट-फूटकर रोई बीवी, हैरी केन ने संभाला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेम्बली। इंग्लैंड पर पेनल्टी शूटआउट में जीत के बाद पूरा इटली खुशी से झूम उठा। इधर लंदन में भी मैदान पर खिलाड़ियों की खुशी देखते ही बनती थी। ट्रॉफी के साथ दूसरी बार चैंपियन बनी इटली टीम ने जमकर जश्न मनाया। मगर वहीं दूसरी ओर पूरे स्टेडियम में सन्नाटा पसरा था। अपने ही घर में हारने के बाद इंग्लैंड के फैंस मातम मना रहे थे। इंग्लिश खिलाड़ी भी दुखी थे, लेकिन इन सबके बीच एक ऐसी तस्वीर भी आई जिसने हर किसी का दिल तोड़ दिया।

**पत्नी को संभालते दिखे हैरी केनः** इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन की पत्नी अपनी टीम को चैंपियन बनते देखना चाहती थी, लेकिन फाइनल में हार के बाद वह खुद को रोक न सकी और फूट-फूटकर रोने लगी। ऐसे में अपनी टीम के साथ-साथ 27 वर्षीय हैरी बीवी को भी हिम्मत देते नजर आए। इस भावुक पल की फोटोज इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रही है। केटी का फुटबॉल प्रेम भी किसी से छिपा नहीं है। वैसे भी वह खुद इस खेल की खिलाड़ी रह चुकीं हैं।

# आप ट्रॉफी की बात करते हैं कोहली ने अभी तक आईपीएल नहीं जीता

**क्रिकेट**

## रैना ने कहा कि कोहली भारत के सबसे सफल कप्तान हैं उनका रेकॉर्ड बताता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में न्यूजीलैंड के हाथों मिली हार के बाद से विराट कोहली की कप्तानी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि कोहली को अब कप्तानी छोड़ देनी चाहिए वहीं कुछ मानते हैं कि कोहली भारत के सबसे सफल कप्तान हैं और उन्हें इस पद पर बने रहना चाहिए।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने विराट कोहली की कप्तानी को लेकर अपनी राय रखी है। रैना का मानना है कि विराट को अभी और वक्त दिया जाना चाहिए। भारतीय टीम कोहली की कप्तानी में तीन बार आईसीसी ट्रॉफी जीतने से महरूम रह गई है। टीम को 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान के हाथों हार मिली। इसके बाद 2019 के वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में उसे न्यूजीलैंड ने हराया। इसके अलावा हाल ही में वर्ल्ड टेस्ट



चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। अब लगातार तीन साल वर्ल्ड कप हैं और रैना को उम्मीद है कि कोहली एंड कंपनी कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी पर जरूर कब्जा करेगी।

रैना ने कहा, मुझे लगता है कि वह नंबर वन कप्तान हैं। उनके रेकॉर्ड साबित करते हैं उन्होंने काफी कुछ हासिल किया है। मुझे लगता है कि वह दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज हैं। आप आईसीसी ट्रॉफी की बात कर रहे हैं लेकिन उन्होंने अभी तक आईपीएल भी नहीं जीता है। मुझे लगता है कि उन्हें अभी और वक्त दिए जाने की जरूरत है। एक के बाद एक तीन वर्ल्ड कप होने हैं- दो टी20 वर्ल्ड कप और फिर एक 50 ओवर का वर्ल्ड कप। फाइनल में पहुंचना भी आसान नहीं होता। कई बार आप कुछ चीजें मिस कर जाते हो।

इसके अलावा रैना ने कहा कि भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में परिस्थितियों के चलते नहीं हारा बल्कि इसकी वजह बल्लेबाजों का प्रदर्शन नहीं कर पाना रहा। मैच में दो दिन बारिश रही लेकिन इसके बावजूद रिजर्व डे पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच अपने नाम कर लिया।

भारतीय टीम को मैच बचाने के लिए दो सेशन बल्लेबाजी करने की जरूरत थी लेकिन टीम अपनी दूसरी पारी में 170 पर ऑल आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने जीत के लिए जरूरी 139 रन आसानी से हासिल कर लिए। रैना ने इसी बात का जिक्र करते हुए कहा कि टीम के सीनियर बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी लेकर खेलना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'WTC फाइनल इस तरह का उदाहरण है। लोगों का कहना है कि यह परिस्थितियों के कारण है लेकिन मुझे लगता है कि यह बल्लेबाजी की कमी थी। बड़े बल्लेबाजों को साझेदारी बनानी होगी और जिम्मेदारी लेनी होगी।

# पेनल्टी चूकने वाले इंग्लिश खिलाड़ियों पर नस्लीय टिप्पणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में इटली के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में चूकने वाले इंग्लैंड के तीनों अश्वेत खिलाड़ियों को सोशल मीडिया पर नस्लीय टिप्पणियों का सामना करना पड़ा, इसके बाद इंग्लैंड फुटबॉल संघ (एफए) ने बयान जारी करके खिलाड़ियों के लिए उपयोग की जा रही भाषा की निंदा की।

**पीएम जहनसन ने क्या कहा?** दूसरी ओर देश के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को सामने आना पड़ा। जॉनसन ने ट्वीट किया, इंग्लैंड की यह टीम सोशल मीडिया पर नस्लीय दुर्व्यवहार के बजाय हीरो के रूप में प्रशंसा की पात्र है। इस भयावह



दुर्व्यवहार के लिए जिम्मेदार लोगों को खुद पर शर्म आनी चाहिए।

**इन अश्वेत खिलाड़ियों से चूकीं पेनल्टीः** इंग्लैंड अपने अंतिम तीनों पेनल्टी को गोल में तब्दील करने में असफल रहा था। ये तीन खिलाड़ी मार्कस रशफोर्ड, जादोन सांचो और 19 वर्षीय युवा बुकायो साका थे। एफए ने बयान में कहा कि वह तीनों खिलाड़ियों के साथ किए जा रहे व्यवहार से स्तब्ध है। इंग्लैंड की टीम ने यूरोपीय चैंपियनशिप में मैचों से पहले एक घुटने के बल बैठकर नस्लीय असमानता दूर करने के लिए आवाज उठाई थी। टीम ने फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में चूकने से पहले अपने समर्थकों का दिल भी जीता, लेकिन खिताब नहीं जीतने के बाद घृणा खुलकर सामने आ गई।

**1966 विश्व कप के बाद बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता इंग्लैंडः** यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि इंग्लैंड को पेनल्टी शूटआउट में असफलता हाथ लगी। एफए ने बयान में कहा, 'हम प्रभावित खिलाड़ियों का पुरजोर समर्थन करते रहेंगे और (नस्लभेदी टिप्पणियां करने के लिये) जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा देने की अपील करेंगे।' लंदन की मेट्रोपोलिटन पुलिस ने भी कहा कि वह सोशल मीडिया पर 'अपमानजनक और नस्लीय' टिप्पणियों की जांच कर रही है।

## भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के साथ टी20 सीरीज की बराबर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने रविवार को इंग्लैंड के होव में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड की महिला टीम को आठ रन से हरा दिया। इसी के साथ ये टी20 सीरीज अब बराबरी पर पहुंच गई है, क्योंकि पहला मैच मेजबान इंग्लैंड ने जीता था और अब दूसरा मैच भारत ने जीत लिया है। ऐसे में सीरीज का नतीजा अंतिम मुकाबले से निकलेगा, जो कि सीरीज डिसाइडर मैच होगा। मेजबान टीम इंग्लैंड ने पहले भारत को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया तो भारत की महिलाओं में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की 38 गेंदों में 48 रनों की तूफानी पारी की बदौलत अपने 20 ओवरों में चार विकेट पर 148 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 25 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली। उनके अलावा दीप्ति शर्मा ने 24 रन की शानदार पारी खेली और टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड की टीम के आठ विकेट गिराए और निर्धारित 20 ओवर में 140 रनों पर ही रोक दिया।

## न्यूज डायरी



### छह माह की हुईं वामिका, डैडी विराट की गोद में आईं नजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की बेटी वामिका छह माह की हो गई। कैप्टन पापा और एक्ट्रेस मॉम ने इस दौरान अपनी बच्ची के साथ जश्न मनाया। अनुष्का ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें विराट अपनी लाड़ली को जरूर गोद में लिए दिख रहे हैं, लेकिन वामिका का चेहरा नजर नहीं आ रहा। अनुष्का ने दिल को छूने वाला एक प्यारा सा पोस्ट लिखा। उसकी एक मुस्कान हमारी पूरी दुनिया को बदल सकती है! मुझे उम्मीद है कि हम दोनों उस प्यार को जी सकते हैं जिसके साथ आप हमें देखते हैं, छोटी सी। हम तीनों को 6 महीने की शुभकामनाएं। इस दौरान बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटिज ने अनुष्का के पोस्ट पर कमेंट किया और वामिका को जन्मदिन की बधाई दी। स्क्रीनशॉट में आप सोनम कपूर, ताहिरा कश्यप, वाणी कपूर और काजल अग्रवाल की शुभकामनाएं देख सकते हैं। टीम इंडिया इस वक्त इंग्लैंड दौरे पर है।

### रवि शास्त्री पर दबाव बढ़ता जा रहा हैः रीतिंदर सिंह सोढ़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रीतिंदर सिंह सोढ़ी का मानना है कि अगर विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप जीत जाती है तो रवि शास्त्री टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। भारतीय क्रिकेट जगत में इन दिनों यह चर्चा आम है कि टी20 वर्ल्ड कप का नतीजा चाहे कुछ भी हो शास्त्री का पत्ता कटना लगभग तय है।

पूर्व ऑलराउंडर सोढी का मानना है कि अगर टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड का खिताब अपने नाम कर लेती है तो यह इस बात को सुनिश्चित करेगा कि शास्त्री टीम के कोच बने रहें। सोढ़ी ने कहा, बेशक, ये सब केवल चर्चाएं हैं। यह कहना गलत होगा कि रवि शास्त्री ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। उन्होंने काफी अच्छा काम किया है। लेकिन अगर पैमाना ट्रॉफियां जीतना है तो यह उन्होंने नहीं किया है। और अगर भारतीय टीम टी20 वर्ल्ड कप जीत जाती है तो रवि शास्त्री को हटा पाना असंभव होगा। हालांकि सोढ़ी ने यह भी माना कि शास्त्री पर दबाव बढ़ता जा रहा है।

### ब्रूस टेलरः भारत के खिलाफ डेब्यू में डबल धमाका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आज न्यूजीलैंड के दिग्गज ऑलराउंडर ब्रूस टेलर का जन्मदिन है। आज ही के दिन सन- 1943 में उनका जन्म हुआ था। बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को हमेशा उनके डेब्यू के लिए याद किया जाएगा। 1964-65 में न्यूजीलैंड की टीम भारत दौरे पर थी। कोलकाता में टेस्ट मैच था। जहां टेलर ने डेब्यू किया। यही मैच उनकी पहचान से हमेशा के लिए जुड़ गया। टेलर इस मैच में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे। शानदार 105 रन की पारी खेली। यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनकी पहली सेंचुरी थी। वह यहीं नहीं रुके। इसके बाद भारत की पहली पारी में 86 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। वह टेस्ट डेब्यू पर सेंचुरी बनाने और पांच विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। अगले मैच में उन्होंने 26 रन देकर पांच विकेट लिए। ब्रूस टेलर इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम के रेगुलर सदस्य बन गए।

### आर अश्विन ने काउंटी क्रिकेट में फेंका मैच का पहला ओवर, बन गया ये कीर्तिमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने सरे के लिए अपना पहला काउंटी चैंपियनशिप मैच खेला। इस दौरान रविचंद्रन अश्विन ने एक बड़ा मुकाम भी हासिल कर लिया। सरे काउंटी मैच में ओवल के मैदान पर समरसेट के खिलाफ आर अश्विन को मौका मिला, क्योंकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन, जो सरे के लिए खेल रहे थे और चोट के कारण टीम से बाहर हो गए, उनके स्थान पर अश्विन को प्लेइंग इलेवन में रखा गया था। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की आगामी टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेलने वाले अश्विन को समरसेट के खिलाफ गेंदबाजी में पारी की शुरुआत करने का मौका मिला।